**उ. प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु**

**जी.आई.सी/आश्रम पद्धति/डायट परीक्षा प्रश्न-पत्र**

**(GIC/Ashram Padhati/DIET Exam. Question Paper)**

# गृह विज्ञान

# सॉल्व्ड पेपर्स

**एवं**

# प्रैक्टिस बुक

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र


**प्रधान सम्पादक**

ए. के. महाजन

**संपादन एवं संकलन**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण एवं आशीष गिरि

**सम्पादकीय कार्यालय**

**यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

फोन : 9415650134

**Email : yctap12@gmail.com**

**Website : www.yctbooks.com**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव सादर आमंत्रित है।

**मूल्य : 395/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सॉल्व्ड पेपर


- जी. आई. सी. प्रवक्ता पाठ्यक्रम....3
- जी.आई.सी. प्रवक्ता परीक्षा, 2021 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....4-19
- जी.आई.सी. प्रवक्ता परीक्षा, 2015 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....20-33
- जी.आई.सी. प्रवक्ता परीक्षा, 2009 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....34-46
- उत्तर प्रदेश डायट (DIET) प्रवक्ता परीक्षा, 2014 व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....47-58


## प्रैक्टिस सेट


- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 1 ....59-66
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 1 : व्याख्या सहित हल ....67-75
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 2 ....76-83
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 2 : व्याख्या सहित हल ....84-92
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 3 ....93-100
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 3 : व्याख्या सहित हल ....101-108
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 4 ....109-116
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 4 : व्याख्या सहित हल ....117-125
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 5 ....126-133
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 5 : व्याख्या सहित हल ....134-142
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 6 ....143-150
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 6 : व्याख्या सहित हल ....151-159
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 7 ....160-167
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 7 : व्याख्या सहित हल ....168-176
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 8 ....177-184
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 8 : व्याख्या सहित हल ....185-192
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 9 ....193-200
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 9 : व्याख्या सहित हल ....201-208
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 10 ....209-216
- जी.आई.सी. प्रवक्ता प्रैक्टिस सेट - 10 : व्याख्या सहित हल ....214-224

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
# प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा 2020
## पाठ्यक्रम

## प्रारम्भिक परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य अध्ययन/वैकल्पिक विषय का एक प्रश्नपत्र होगा जो वस्तुनिष्ठ व बहुविकल्पी प्रकार का होगा। इसमें प्रश्नों की संख्या 120 (वैकल्पिक विषय के 80 प्रश्न तथा सामान्य अध्ययन के 40 प्रश्न) होगा जो कुल 300 अंकों का तथा समय 2 घंटों का होगा।

### सामान्य अध्ययन

1. सामान्य विज्ञान
2. भारत का इतिहास
3. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन
4. भारतीय राजतंत्र, अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति
5. भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार
6. विश्व भूगोल तथा भारत का भूगोल एवं प्राकृतिक संसाधन
7. अधुनातन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण घटनाक्रम
8. सामान्य बौद्धिक एवं तार्किक क्षमता
9. उत्तर प्रदेश की शिक्षा, संस्कृति, कृषि, उद्योग, व्यापार एवं रहन-सहन और सामाजिक प्रथाओं के संबंध में विशिष्ट जानकारी
10. प्रारम्भिक गणित (आठवीं स्तर तक)–अंक गणित, बीज गणित, रेखा गणित
11. पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण

### वैकल्पिक विषय (Optional Subject)

### गृह विज्ञान

**1. शरीर विज्ञान**

कोशिका, तन्तु एवं तन्त्र

**2. स्वास्थ एवं स्वच्छता**

(1) व्यक्तिगत स्वच्छता
(2) घर एवं पास–पड़ोस की स्वच्छता
(3) सामुदायिक विकास में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की भूमिका
(4) पर्यावरण एवं प्रदूषण
(5) रोग (संक्रामक एवं असंक्रामक) एवं उनका उपचार।

**3. मानवीय विकास एवं पारिवारिक सम्बन्ध**

**(क) मानवीय विकास**

(1) विकास के सिद्धान्त
(2) मानवीय वृद्धि एवं विकास
(3) सम्पूर्ण जीवन के विकासात्मक कार्य
(4) नवजात शिशु की देखभाल
(5) नर्सरी स्कूल एवं उनके प्रकार
(6) विभिन्न प्रकार के खेल के आयाम विभिन्न आयु वर्ग में

**(ख) परिवार एवं पारिवारिक सम्बन्ध**

(1) परिवार के प्रकार
(2) परिवार की भूमिका
(पारिवारिक सदस्यों के कर्तव्य एवं आवश्यकताओं की पूर्ति का दायित्व)
(3) विवाह एवं पारिवारिक सम्बन्ध
(4) घरेलू एवं सामाजिक समस्याएँ
  (1) घरेलू हिंसा
  (2) नशा
  (3) दहेज प्रथा
  (4) सामाजिक विषमता

**4. आहार एवं पोषण**

(1) आहार एवं पोषक तत्त्व, आहार समूह एवं संतुलित आहार
(2) आहार के कार्य
(3) पोषक तत्त्वों की कमी से रोग, लक्षण एवं उपचार
(4) आहार का चयन, भण्डारण
(5) भोजन, मिलावट एवं उनसे सम्बन्धित समस्याएँ
(6) भोजन पकाने की विधियाँ
(7) विभिन्न आयु वर्ग एवं रोगी की भोजन व्यवस्था

**5. गृह प्रबन्धन**

(1) प्रबन्धन संसाधन एवं उनका वर्गीकरण
(2) विभिन्न संसाधनों का व्यवस्था, कार्य विधि एवं निर्णय
(3) कार्य एवं कार्य का सरलीकरण
(4) आय, व्यय, बचत एवं बचत का निवेश
(5) उपभोक्ता हेतु शिक्षा-दायित्व, कर्तव्य, कानूनी सलाह एवं विधि

**6. वस्त्र और परिधान**

(1) तन्तुओं का वर्गीकरण और गुण
(2) वस्त्र तन्तुओं का निर्माण
(3) धागे और उनका वर्गीकरण
(4) वस्त्र विभाग
(5) वस्त्रों की फिनीशिंग–(रंगाई, छपाई एवं विशेष फिनीशिंग)
(6) पारम्परिक वस्त्र एवं विभिन्न भारतीय कढ़ाइयाँ
(7) परिधान की मूल डिजाइन, काटना और सिलना
(8) वस्त्रों की देखभाल एवं दाग धब्बे छुड़ाना।

**7. दूरस्थ शिक्षा**

(1) समुदाय के विकास की योजनाएँ।
(2) सम्प्रेषण के साधन, कार्य महत्त्व एवं प्रकार।
(3) औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा।
(4) प्रसार शिक्षा–अर्थ एवं क्षेत्र
(5) गृह विज्ञान शिक्षा में नेतृत्व, अच्छे नेता के गुण।

# राजकीय इण्टर कालेज प्रवक्ता परीक्षा, 2021

# गृह विज्ञान

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

[ परीक्षा तिथि : 19/09/2021

**1. The objective Multidimentional Development of villages through Government assistance and with efforts and initiatives of villagers is of.**
**ग्रामीणों का बहुआयामी विकास सरकारी सहायाता द्वारा तथा ग्रामीणों के प्रयत्नों एंव प्रयास से करना, किसका उद्देश्य है?**

(a) Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana /प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना
(b) Community Development Programme /सामुदायिक विकास कार्यक्रम
(c) MGNREGA /मनरेगा
(d) Prime Minister's Rural Development Fellowship /प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास फेलोशिप योजना

**Ans. (b) :** ग्रामीणों का बहुआयामी विकास सरकारी सहायता द्वारा तथा ग्रामीणों के प्रयत्नों द्वारा करना सामुदायिक विकास कार्यक्रम का उद्देश्य है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत 2 अक्टूबर, 1952 को हुई 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का जन्म दिवस मनाया जाता है। उन्हीं की स्मृति में इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के कर कमलों से हुआ।

महात्मा गाँधी का कहना था कि भारत गाँवों का देश है। यहाँ 75-80% तक जनता गाँवों में निवास करती है और कृषि तथा कृषि से संबंधित रोजगारों पर आश्रित है। मगर वे गरीबी, भुखमरी, बीमारी, अज्ञानता, अशिक्षा, अंधविश्वास तथा रूढ़िवादी सामाजिक कुरीतियों से बुरी तरह से ग्रस्त है। जब तक उनके पेट में अनाज नहीं होगा, रहने को मकान नहीं होगा, पहनने को वस्त्र नहीं होंगे, वे अशिक्षित रहेंगे, तब तक भारत की आजादी का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम ग्रामवासियों का अपना कार्यक्रम है। इसे वे स्वयं बनाते व चलाते हैं।

सामुदायिक विकस दो शब्दों से मिलकर बना है। (1) समुदाय तथा (2) विकास, एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों के समूह को समुदाय कहते हैं। विकास सामान्यः वृद्धि एवं परिपक्वता को ही विकास कहते हैं विकास धीरे-धीरे परन्तु, क्रमिक होता। समुदाय की दृष्टि से देखे तो विकास का अर्थ है। ''सामाजिक सम्बन्धों की उन निश्चित दशाओं में वृद्धि लाना जिससे समाज की योग्यता एवं क्षमता में वृद्धि हों।''

**2. Extension Education in community development was developed by-**
**सामुदायिक विकास में प्रसार-शिक्षा किसके द्वारा विकसित की गई?**

(a) Leagans /लीगन्स
(b) Skinner /स्किनर
(c) Shri Rama Krishna /श्री रामा कृष्णा
(d) Sagar /सागर

**Ans. (a):** सामुदायिक विकास में प्रसार शिक्षा लीगन्स द्वारा विकसित की गई। लीगन्स के शब्दों में अधिक से अधिक लोगों को आगे बढ़ने के लिये निर्देशित करना ही प्रसार शिक्षा का मुख्य उद्देश्य हैं।

''ग्रामीण जनता के जीवन-स्तर तथा रहन-सहन के स्तर को ऊँचा उठाने के लिये, प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करना तथा नवीन तकनीकों के जीवन में अपनाने के लिये प्रेरित करना ही प्रसार शिक्षा का मौलिक उद्देश्य है।

**3. Assertion (A) : Colour blindness is a genetically transmitted disease.**
**Reason (R) : Colour blindness result from the absence of cone cell of one or all types in the Retina.**
**अभिकथन (A): रंग अन्धता एक आनुवंशिक प्रसारित बीमारी है।**
**कारण (R) : रंग अन्धता रेटिना में एक या सभी प्रकार के शंकु कोशिका की अनुपस्थिति के परिणाम स्वरूप होती है।**
**Code/कूटः**

(a) A and R are true but R is not correct explanation of A. /A एवं R सही हैं परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(b) A and R are true and R is correct explanation of A./ A एवं R सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(c) A is true and R is false./ A सही है एवं R गलत है।
(d) Both A and R are false. / दोनों A एवं R गलत है।

**Ans. (b) :** वर्णान्धता एक आनुवांशिक प्रसारित बीमारी है। वर्णान्धता रेटिना में एक या सभी प्रकार के शंकु कोशिका की अनुपस्थिति के परिणाम स्वरूप होती है।

वर्णान्धता आँखों का एक रोग है जिसमें रोगी को किसी एक या एक से अधिक रंगों का बोध नहीं हो जाता है। जिससे उसकी रंगबोध की शक्ति साधारण व्यक्तियों के रंगबोध की शक्ति से कम होती है। यह रोग जन्म से हो सकता है अथवा कतिपय रोगों के बाद उत्पन्न हो सकता है। एक अनुमान के अनुसार विश्व को 8 प्रतिशत पुरुष और 1 प्रतिशत महिलाएं इसकी शिकार है।

काले और सांवले लोागों की तुलना में गोरे लोग वर्णान्धता के अधिक शिकार होते हैं।

**4. The Purpose of blanching vegetables during canning is to-/डिब्बा बन्दी के समय सब्जियों को ब्लांच करने का उद्देश्य है –**

(A) **Soften products to fill better.**
(B) **Denature enzymes that changes colour and texture.**
(A) **उत्पाद को नरम बनाना जिससे आसानी से भरा जा सके।**
(B) **एन्ज़ाइमों को विकृत करना जो रंग एवं बनावट को परिवर्तित करते हैं।**

**Code/कूटः**
(a) A is correct and B is wrong /A सही है एवं B गलत है
(b) A is wrong and B is correct /A गलत है एवं B सही है
(c) Both A and B are wrong /दोनों A एवं B गलत हैं
(d) Both A and B are correct/ दोनों A एवं B सही हैं

**Ans. (d) :** डिब्बा बन्दी के समय सब्जियों को ब्लांच करने का उद्देश्य में दोनों कथन (A) एवं (B) सही है।
इसका मुख्य उद्देश्य उत्पाद को नरम बनाना जिससे आसानी से भरा जा सके। एन्जाइमों को विकृत करना जो रंग एवं बनावट को परिवर्तित करते हैं। इस तरह से हम सब्जियों को ज्यादा समय तक संरक्षित करके रख सकतें हैं। और अगर हमारा बिना मौसम में मिलने वाली सब्जी खाने का मन हो तो हम संरक्षित की हुयी सब्जियों को बना सकते हैं।

**5. Rapid growth rate and muscle control are the characteristics of-**
**तीव्र वृद्धि दर माँसपेशियों पर नियंत्रण विशेषता है–**
(a) Neonatal stage /नवजात अवस्था
(b) Infancy stage /शैशवावस्था
(c) Early childhood /प्रारम्भिक बाल्यावस्था
(d) Late childhood /उत्तर बाल्यावस्था

**Ans. (b) :** तीव्र वृद्धि दर तथा मांसपेशियों पर नियन्त्रण शैशवावस्था की विशेषता है। इस अवस्था में शिशु बहुत तेजी से वृद्धि करता है। शैशवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है। शिशु का शारीरिक विकास जन्म के पूर्व गर्भावस्था से ही प्रारम्भ हो जाता है।
जन्म के समय और पूरी शैशवास्था में बालक का भार बालिका से अधिक होता है। जन्म के समय बालक का भार लगभग 15 पौंड और बालिका का भार लगभग 7.13 पौंड होता है। शिशु की मांसपेशी का भार उसके शरीर के कुल भाग का 23% होता है। यह भार धीरे-धीरे बढ़ता चलता जाता है। उसकी भुजाओं का विकास तीव्र गति से होता है। छः वर्ष की आयु तक मांसपेशियों में लचीलापन होता है।

**6. Match and choose-/मिलान कीजिये एवं चुने–**

| | List/सूची - I | | List/सूची - II |
|---|---|---|---|
| (A) | Freedom, flexibility of value/आज़ादी, मूल्यों का लचीलापन | (1) | Quantitative standards/ मात्रात्मक स्तर |
| (B) | Religion, honesty, customs, taboos/धर्म, ईमानदारी रिवाज़, टैबू | (2) | Qualitative standards/ गुणात्मक स्तर |
| (C) | Low, high, little/कम, उच्च, थोड़ा | (3) | Conventional standards/ परम्परागत स्तर |
| (D) | Rupee, calories, kilogram/ रुपया, कैलोरी, किलोग्राम | (4) | Unconvention al standards/ अपरम्परागत स्तर |

**code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**Ans. (b) :** (A) आजादी मूल्यों का लचीलापन – अपरम्परागत स्तर
(B) धर्म, ईमानदारी, रिवाज, टैबू– परम्परागत स्तर
(C) कम, उच्च, थोड़ा– गुणात्मक स्तर
(D) रुपया, कैलोरी, किलोग्राम– मात्रात्मक स्तर

**7. "There is deep association between healthy body and healthy body and healthy mind."] This statement specifies which principle of physical development?**
**''स्वस्थ तन का स्वस्थ मन से गहरा रिश्ता-नाता है।'' उक्त कथन शारीरिक विकास के किस नियम को उल्लेखित करता है?**
(a) Principle of Individuality /वैयक्तिकता का नियम
(b) Principle of Co-relation /सह-सम्बंध का नियम
(c) Principle of Rhythmatic /लयात्मक विकास का नियम
(d) Principle of Definite development /निश्चित विकास वक्र का नियम

**Ans. (b) :** स्वस्थ तन का स्वस्थ मन से गहरा रिश्ता नाता है इन दोनों में सह सम्बन्ध का नियम है। विकास की सभी दशाएं- शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक आदि एक दूसरे से परस्पर संबंधित है इनमें से किसी भी दशा में होने वाला विकास अन्य सभी दिशाओं में होने वाले विकास को पूरी तरह प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

**8. The tool of measuring work time is -**
**कार्य के समय को मापने का एक उपकरण है-**
(a) Time schedule /समय अनुसूची
(b) Work curve /कार्य का चक्र
(c) Time sequence /समय का क्रम
(d) Series of project /कार्यो का क्रम

**Ans. (a):** कार्य के समय को मापने का एक उपकरण समय अनुसूची है- समय अनुसूची का प्रयोग करके हमारा हर कार्य निर्धारित समय पर होता है। कि हमें कब क्या कार्य करना है उसकी एक सूची बना लेते हैं और उस सूची में कब क्या करना है किस समय करना है कितने घण्टा करना है।

**9. Who and when introduced the term "Extension" in Extension Education?**
**प्रसार शिक्षा में ''एक्सटेंशन'' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने और कब किया?**

(a) Day.(1892)/डे, (1892)
(b) E.B. Voorhees, (1894) /ई.बी.वोरहीज, (1894)
(c) Allen Richard, (1895)/ऐलन रिचर्ड, (1895)
(d) Land Grant Collage Association, (1948) /लैण्ड ग्रांट कॉलेज असोसिएशन,(1948)

**Ans. (b) :** प्रसार शिक्षा में एक्सटेंशन शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ई. वी. वोरहीज ने 1894 में किया।
प्रसार शिक्षा दो शबदों से मिलकर बना है, 'प्रसार' (Extenstion) तथा 'शिक्षा' (Education)
'Extension' शब्द लैटिन भाषा के शब्द 'Ex' तथा 'Tensio' से मिलकर बना है।
'EX' का अर्थ 'out' (बाहर) और 'Tensio' का अर्थ है 'To spread' (कैलाना, विस्तार करना) प्रसार शिक्षा वह शिक्षा है जो विद्यालय अथवा किसी संस्थान के सीमाओं से बाहर युवाओं तथा प्रौढों को दी जाने वाली शिक्षा है। प्रसार शिक्षा मुख्य रुप से औपचारिक शिक्षा से वंचित ग्रामीणों (कृषको, पशुपालको, दुग्ध उत्पादकों, गृहिणियों तथा स्कूल छोड़ने वाले बालकों को) दी जाती है। प्रसार शिक्षा एक निरंतर चलने वाली शिक्षा है जिसका कोई अंत नहीं है।

**10. Which adulterant is commonly used in sugar coated saunf and supari?**
**सामान्यतः मीठी सौंफ एवं सुपारी में कौन सी मिलावट की जाती है?**

| | |
|---|---|
| (A) | **Sugar syrup/ शुगर सीरप** |
| (B) | **Malachite green/ मैलाकाइट ग्रीन** |
| (C) | **Rhodamine B/ रोडामीन बी** |
| (D) | **Auramine/ ऑरामिन** |

**Code/ कूटः**
(a) Only D /केवल D
(b) A and B both/दोनों A एवं B
(c) B and C both /दोनों B एवं C
(d) Only C /केवल D

**Ans. (a) :** सामान्यतः मीठी सौंफ एवं सुपारी में ऑरामिन की मिलावट की जाती है।
ऑरामिन की मिलावट करने से सौंफ एवं सुपारी का रंग गहरा हो जाता है। इसके द्वारा सौंफ और सुपारी में खुशबू उत्पन्न की जाती है। रंग तो गहरा हो जाता है। लेकिन यह स्वास्थ्य के लिये नुकशान दायक भी है।

**11. Match and choose the correct answer from the given code-**
**सुमेलित करें तथा दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें**

| | List/सूची-I | | List/सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | Loom/ करघा | (1) | Printing/ छपाई |
| (B) | Warp/ ताना | (2) | Tie-Dye/ टाई-डाई |
| (C) | Screen/ स्क्रीन | (3) | Harness/ हारनेस |
| (D) | Patola/ पटोला | (4) | Weft/बाना |

**Code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**Ans. (a) : 1. करघा** ⇒ हारनेस करघे का एक अति महत्वपूर्ण भाग है। यह करघे में लगा एक फ्रेम होता है। बुनाई क्रिया के दौरान यह ताने के धागे को ऊपर-नीचे करने की क्रिया को नियंत्रित करता है।
**2. ताना - बाना** ⇒ बुनाई कला में दो धागों का प्रयोग होता है। (1) लम्बवत् धागा (Lengthwise Yarn) या ताने का धागा (Warp Yarn) (2) अनुप्रस्थ धागा (Cross-Wise Yarn) या बाने का धागा (Weft Yarn)
**3. स्क्रीन - छपाई** → इस विधि द्वारा वस्त्र की छपाई के लिए स्क्रीन (Screen) तैयार किया जाता है। स्क्रीन बनाने के लिए एक विशेष प्रकार का लकड़ी का फ्रेम तैयार किया जाता है उसी लकड़ी के फ्रेम पर नायलॉन (Nylon) के कपड़े को खींचकर तान दिया जाता है।
**4. पटोला-टाई-डाई** → काठियावाड एवं गुजरात में निर्मित साडियाँ ''पटोला'' (Patola) कहलाती थी। काठियावाड के निकट ''पट्टन'' नामक स्थान को ही ''पटोला'' का जन्म स्थान माना जाता है। पटोला सिल्क (Silk) के धागों से निर्मित की जाती थी। धागों को बाँधने एवं रगंने की प्रक्रिया ठीक ''बांधनी'' (Tie and Dye) क़ी तरह ही की जाती थी।

**12. Assertion (A): Infants retain more iron from human milk than cow's milk.**
**Reason(R): The iron content of human milk is high in comparison to cow's milk.**
**अभिकथन (A): गाय के दूध की अपेक्षा शिशु मानव दूध से लौह लवण अधिक धारण करते हैं।**
**कारण (R): गाय के दूध की तुलना में मानव दूध में लौह लवण अधिक मात्रा में है।**
**Code/कूटः**
(a) Both A and R are true /दोनों A एवं R सही हैं
(b) A is true but R is false /A सही है परन्तु R गलत है
(c) A is false but R is true /A गलत है परन्तु R सही है
(d) Both A and R are false /दोनों A एवं R गलत हैं

**Ans. (b) :** इस अभिकथन में A सही है। परन्तु R गलत है। गाय के दूध की अपेक्षा शिशु मानव दूध से लौह लवण अधिक धारण करते हैं माँ के दूध में कोलेस्ट्रम पाया जाता है। यह गाढ़ा और पीले रंग का होता है। मानव दूध में सभी पोषक तत्व विद्यमान रहते हैं।

सर्वप्रथम बच्चे को माँ का ही दूध दिया जाता है।
अगर किसी कारण माँ का दूध नहीं मिल पा रहा है। तो बच्चे को गाय का दूध दिया जा सकता है। गाय का दूध हल्का और सुपाच्य होता है।

**13. Severe malnutrition is defined by very low state of-/गंभीर कुपोषण परिभाषित होता है, ............की अत्यधिक निम्न स्थिति से।**

(a) Height /लम्बाई
(b) Weight /भार
(c) Height for weight /भार के सापेक्ष लम्बाई
(d) Weight for height /लम्बाई के सापेक्ष भार

**Ans. (d) :** गंभीर कुपोषण परिभाषित होता है लम्बाई के सापेक्ष भार की अत्यधिक निम्न स्थिति से।
**कुपोषण-** यह पोषण की वह स्थिति है जिसके कारण व्यक्ति के स्वास्थ्य में गिरावट आने लगती है। यह एक या एक से अधिक तत्वों की कमी या अधिकता या असंतुलन के कारण होती है, जिसके कारण शरीर रोगग्रस्त हो जाता है। इस प्रकार कुपोषण के कारण, उम्र के अनुसार, लम्बाई एवं वजन में कमी हो जाती है, साथ ही लम्बाई एवं भार में वाछिंत अनुपात नही होता है। जब शरीर का भार सामान्य भार से 10% बढ़ जाता है तो मोटापा (Obesity) कहलाता है। इसे कदापि नहीं नकारा जा सकता है कि व्यक्ति की लम्बाई वंशानुक्रम द्वारा निर्धारित होती है, परन्तु कुपोषण भी लम्बाई को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कुपोषण के कारण लम्बाई कम हो जाती है व्यक्ति बौना (Dwarf) हो जाता है।

**14. Assertion (A) : Excess of iodine ingestion can be harmful.**
**Reason (R): Excess iodine inhibits the synthesis of thyroid hormone.**
**अभिकथन (A) :आयोडीन का अत्यधिक अन्तर्हरण या सेवन नुकसान कर सकता है।**
**कारण (R): अतिरिक्त आयोडीन थायरॉइड हॉरमोन के संश्लेषण में अवरोध करता है।**
**Code/कूटः**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A. /A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) Both A and R are false. /दोनों A तथा R गलत है।
(c) A is true but R is false./A सही है तथा R गलत है।
(d) A is false but R is true /A गलत है तथा R सही है।

**Ans. (a) :** हमारे स्वस्थ जीवन के लिए आयोडीन अत्यन्त ही आवश्यक खनिज लवण है यद्यपि शरीर में इसकी आवश्यकता अत्यन्त ही कम प्रतिदिन लगभग 100-150 मिली. ग्राम (माइक्रोग्राम) ही है। गर्भवती, शिशु एवं स्कूल जाने वाले बच्चों में भले ही इसकी माँग इससे थोड़ी बहुत अधिक हो। परन्तु कार्य (Function) की दृष्टि से यह अत्यन्त ही उच्च मूल्य का महत्वपूर्ण खनिज लवण है इसकी कमी से शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि बाधित होती है। वयस्कों में ''गलगण्ड'' या घेंघा जिसे ''गॉयटर'' रोग [Goitre] कहते हैं, बच्चे इस खनिज लवण के अभाव से क्रेटिनिज्म (Cretinism) रोग से पीड़ित हो जाते है।
आयोडिन की अधिकता से थायरॉक्सिन हारमोन का अत्यधिक स्रावण होने लगता है। थायरॉक्सिन के अत्यधिक स्रावण से एक्सोप्थैल्मिक गॉयटर (Exopthalmic Goitre) हो जाता है जिसे 'ग्रेव्स' का रोग [Grave's Diseases] भी कहते है।

**15. A thin transparent stiff cotton cloth used for dresses, neckwear and frills is-**
**एक पतला पारदर्शी कड़ा सूती कपड़ा जो पोशाक, गले के अलंकरण तथा झालर बनाने में प्रयुक्त होता है–**

(a) Organdy /ऑर्गेन्डी (b) Chiffon /शिफॉन
(c) Taffeta /ताफ्ता (d) Khadi /खादी

**Ans. (a) :** एक पतला पारदर्शी कड़ा सूती कपड़ा जो पोशाक गले, के अलंकरण तथा झालर बनाने में प्रयुक्त होता है। उसे ऑर्गेन्डी (Organdy) कहते हैं।
ऑर्गेन्डी फैब्रिक एक सादा बुना हुआ सूती कपड़ा है जो 'कॉम्बेड स्पून कॉटन यार्न' से बना होता है, जो इसे चिकना और महीन बनाता है साथ ही कुरकुरा, हल्का और अर्ध-पारदर्शी है। यह एक बहुमुखी कपड़ा भी है जिसका सिलाई और क्राफ्टिंग में कई उपयोग है- यह बहुत अच्छी तरह से डाई लेता है, इसे आसानी से प्रिंट और पेंट किया जा सकता है। जिस तरह से आप चाहते है उस पर कटाई और अलंकृत कर सकते है। इसका उपयोग फ्लैट कॉलर, पतले कपड़े को इंटरफेस करने के लिए किया जाता है।

**16. Having a conversation with co-worker involves which type of communication?**
**सहकर्मी के साथ वार्तालाप में संप्रेक्षण का कौन सा प्रकार सन्निहित है?**

(a) Upward /उर्ध्वगामी (b) Vertical /ऊर्ध्वाधर
(c) Horizontal /क्षैतिज (d) Downward /अधोगामी

**Ans. (c) :** क्षैतिज संचार (Horizental Communication) क्षैतिज संचार दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच होता है जो समान स्तर पर कार्य रहे है इसे क्षैतिज संचार के रूप में जाना जाता है। क्षैतिज संचार में आम तौर पर सूचनाओं का समन्वय शामिल होता है और संगठन में समान रैंक वाले लोगों को सहयोग या सहयोग करने की अनुमति देता है।

**17. Correct sequence of the process of weaving-**
**बुनाई प्रक्रिया का सही क्रम लिखिये-**

| | |
|---|---|
| **(i)** | **Shedding/ शैडिंग** |
| **(ii)** | **Picking/ पिकिंग** |
| **(iii)** | **Taking up and Letting off/ लपेटना व छोड़ना** |
| **(iv)** | **Battening/ बैटनिंग** |

**Code/कूटः**

(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (iv), (iii), (ii), (i)
(c) (ii), (iii), (iv), (i) (d) (i), (ii), (iv), (iii)

**Ans. (d) :** बुनाई प्रक्रिया का सही क्रम है।
(1) शैडिंग
(2) पिकिंग
(3) बैटनिंग
(4) लपेटना व छोड़ना

**18. Sippy died is given in-**
**सिप्पी का आहार दिया जाता है-**

(a) Treatment for constipation /कब्ज के उपचार में
(b) Treatment for diarrhea /डायरिया के उपचार में
(c) Treatment for peptic ulcer /पेप्टिक अल्सर के उपचार में
(d) Treatment of jaundice /पीलिया के उपचार में

**Ans. (c) :** पेप्टिक अल्सर (Peptic Ulcer) → अल्सर का अर्थ होता है– घाव हो जाना।
पेप्टिक अल्सर में आमाशय तथा पक्वाशय के श्लेष्मिक झिल्लियों में घाव हो जाते है। घाव के कारण कई छोटे-छोटे (Perforations) हो जाते है। अतः आमाशय की दीवारों की श्लेष्मिक झिल्लियाँ भी धीरे-धीरे गलकर नष्ट हो जाती है अर्थात् आमाशय एवं पक्वाशय की श्लेष्मिक झिल्लियाँ का ही पाचन होने लगता है, जिसे पेप्टिक अल्सर (Peptic Ulcer) कहते हैं।
पेप्टिक अल्सर के उपचार एवं सुधार हेतु मुख्यतः चार प्रकार के आहार ही व्यवस्था की गई है।
(1) सिप्पी का आहार (Sippy's Diet)
(2) एन्डरसन का आहार (Anderson's Diet)
(3) म्यूलेनग्रेट का आहार (Meulengracht's Diet)
(4) लैनहार्ट्स का आहार (Lenhart's Diet)

**19. Which of the following is not a advantage of nuclear family?/निम्नलिखित में से कौन एकाकी परिवार का लाभ नहीं है?**

(a) High living Standard /उच्च जीवन स्तर
(b) Opportunities for personal development /व्यक्तिगत विकास का अवसर
(c) Social security /सामाजिक सुरक्षा
(d) Self-dependency /आत्म निर्भरता

**Ans. (c) :** सामाजिक सुरक्षा एकाकी परिवार का लाभ नहीं है। एकाकी परिवार वह होता है जिसमें पति पत्नी उनके अविवाहित बच्चे होते हैं। इस प्रकार एकाकी परिवार के कई लाभ है।
(1) उच्च जीवन स्तर
(High Living Standard)
(2) व्यक्तिगत विकास का अवसर
(Opportunities for Personal development)
(3) आत्म निर्भरता
(Self-Dependency)
(4) महिलाओं की बेहतर स्थिति।
(Women's better condition)
सामाजिक सुरक्षा के अन्तर्गत कई लाभ आते है। जैसे पेंशन ग्रेच्युटी, भविष्य निधि आदि।

**20. Tool of measuring muscular fatigue is-**
**पेशियों की थकान को मापने का यंत्र है-**

(a) Thermometer /थर्मामीटर
(b) Lactometer /लैक्टोमीटर
(c) Ergometer /अरगोमीटर
(d) Spectrometer /स्पेक्ट्रोमीटर

**Ans. (c) :** पेशियों की थकान को मापने का यंत्र अरगोमीटर है। अरगोमीटर एक यंत्र है। इसके द्वारा पेशियों की थकान को मापा जाता है।

**21. Which of the following is not correctly matched.**
**निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**

| | | |
|---|---|---|
| **(a)** | **Gurgaon project/ गुडगांव परियोजना** | **Village guide/ ग्राम निर्देशक** |
| **(b)** | **Etawah pilot project/ इटावा पायलट परियोजना** | **Multipurpose village worker/ बहुउद्देशीय ग्राम कार्यकर्ता** |
| **(c)** | **Marthandam project/ मारथंडम परियोजना** | **Demonstration center/ प्रदर्शन केन्द्र** |
| **(d)** | **Nilokheri project/नीलोखेड़ी परियोजना** | **kisan Vikas kendra / किसान विकास केन्द्र** |

**Ans. (d) :** निम्नलिखित में नीलाखेड़ी परियोजना-किसान विकास केन्द्र से सुमेलित नहीं है।

**22. Feedback covers which of the following functions in communication?**
**प्रतिपुष्टि (फीडबैक) संचार में निम्नलिखित कौन से कार्य करती है?**

**(1) Facilitates action/ क्रिया को सुलभ बनाना**
**(2) Improves learning/ अधिगम को उन्नत करना**
**(3) Removes barriers/ अवरोधों को हटाना**
**(4) Informs audience/ श्रोताओं को सूचित करना**
**Code/कूट :**

(a) 1, 2 and 4/1, 2 तथा 4
(b) 2, 3 and 4/2, 3 तथा 4
(c) 1, 2 and 3/1, 2 तथा 3
(d) 1, 2 and 4/1, 3 तथा 4

**Ans. (c):** प्रतिपुष्टि (फीड बैक) संचार में निम्नलिखित कार्य करता है।
1. श्रोताओं को सूचित करना
2. अधिगम को उन्नत करना
3. अवरोधों को हटाना

**23. Which of the following is not a phase of controlling step in management process?**
**व्यवस्थापन प्रक्रिया के नियंत्रण चरण में निम्न में से कौन सी अवस्था सम्मिलित नहीं होती है?**

(a) Energizing /स्फूर्तिदायक (b) Organizing /आयोजन
(c) Checking /जाँच करना (d) Adjusting /समायोजन

**Ans. (b) :** प्रबन्धन प्रक्रिया, व्यवस्थापन प्रणाली का क्रियात्मक उत्पादन है, जिसे अन्य चरणों की अपेक्षा अधिक जाना जाता है आयोजन- आयोजन व्यवस्थापन प्रक्रिया का प्रथम चरण है। इसमें अत्यधिक निर्णय लिए जाते हैं जो कि पारिवारिक क्रियाओं, साधनों और परिवर्तित पारिवारिक माँग के सन्दर्भ में लिए जाते हैं। इसमें उद्देश्यों व लक्ष्यों को निर्धारित करने की आवश्यकता होती है उन्हें प्राप्त करने के तरीके निर्धारित करने होते हैं। अतः योजना (आयोजन) पूर्व निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने का विवेकपूर्ण तरीका होता है।

**24. Which of the following is sheared from living sheep?/जीवित भेड़ से निम्नलिखित किसकी कटाई की जाती है?**

(a) Flannel /फ्लैनल (b) Moire /मोयेर
(c) Fleece /फ्लीस (d) Felt /फैल्ट

**Ans. (c) :** जीवित भेड़ से फ्लीस की कटाई की जाती है। जब जीवित भेड के शरीर से ऊन की प्राप्ति की जाती है। तो उसे फ्लीस ऊँन कहते हैं। यह मध्यकोटि का होता है।

**25. Decision making steps, according to Louis Allen, are-**
**लूईस एलन के अनुसार, निर्णय प्रक्रिया के चरण हैं-**

**(i) Indentifying the real problem/ वास्तविक समस्या को पहचानना**

**(ii) Selecting the best solution/ उत्तम हल का चुनाव**

**(iii) Seeking the facts/ तथ्यों को खोजना**

**(iv) Stating the apparent problem/ समस्या के प्रकट होने की अवस्था**

**(v) Determining the course of action/ क्रिया की विधि निर्धारण करना**

**(vi) Exploring the alternatives/ विकल्पों की खोज**

**Code/कूट :**

(a) (iii), (i), (vi), (iv), (v), (ii)
(b) (iv), (iii), (i), (vi), (ii), (v)
(c) (i), (ii), (iii), (iv), (v), (vi)
(d) (ii), (iii), (i), (v), (iv), (vi)

**Ans. (b) :** लुईस एलन के अनुसार निर्णय प्रक्रिया के चरण
1. समस्या के प्रकट होने की अवस्था
2. तथ्यों को खोजना
3. वास्तविक समस्या को पहचानना
4. विकल्पों की खोज
5. उत्तम हल का चुनाव
6. क्रिया की विधि निर्धारण करना

**26. Which reference to family functions, which of the statement is / are correct-**
**परिवार के कार्यों के संदर्भ में, निम्न में से सही वाक्यांश/वाक्यांशों का चयन करें-**

**(1) Each family adopts the habits, cultural practices and behavior of the society in the form of inheritance and passes it from one generation to another.**
**प्रत्येक परिवार के पास समाज की आदतें, रीति रिवाज तथा व्यवहार एक धरोहर के रूप में संचित रहते हैं, जिन्हे परिवार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचता है।**

**(2) Statement (1) reflects religious function of family वाक्य (1) परिवार के धार्मिक कार्य को प्रतिबिंबित करता है।**

**Code/कूट :**

(a) (1) is correct and (2) is wrong /(1) सही एवं (2) गलत है।
(b) (1) is wrong and (2) is correct /(1) गलत है एवं (2) सही है।
(c) Both (1) and (2) are correct /दोनों (1) एवं (2) सही हैं।
(d) Both (1) and (2) are wrong /दोनों (1) एवं (2) गलत हैं।

**Ans. (a) :** 1. परिवार के कार्यों के सन्दर्भ में
प्रत्येक परिवार के पास उस समाज की आदते, रीति रीवाज तथा व्यवहार एक धरोहर के रूप में संचित रहते हैं, जिन्हें परिवार एक पीढ़ी से दूरी पीढ़ी तक पहुँचाता है।
परिवार में ही रहकर व्यक्ति धार्मिकता को सीखता है। परिवार में रहकर व्यक्ति अपने से बड़े लोगों बुजुर्गो से अपने कर्तव्यों के बारे में सीखता है। अतः कथन (1) सही तथा कथन (2) गलत है।
परिवार धार्मिक कार्य को प्रतिबंधित नहीं करता बल्कि परिवार में ही रहकर व्यक्ति धार्मिक कार्य करता है। जैसे पूजा, मुण्डन संस्कार, विवाह आदि।

**27. Consumption of excessive quantity of food is called-/आवश्यकता से अधिक भोजन ग्रहण करना कहलाता है-**

(a) Over Nutrition /अति पोषण
(b) Under Nutrition /अल्प पोषण
(c) Good Nutrition /सुपोषण
(d) None of these /इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** आवश्यकता से अधिक भोजन ग्रहण करना अति पोषण कहलाता है-
अतिपोषण (Over Nutrition) - जब व्यक्ति के आहार में कुछ पौष्टिक तत्वों की अधिकता हो जाती है तथा यह अधिकता लम्बे समय तक चलती रहती है वो अतिपोषण कहलाता है। इसके कारण कई रोग हो जाते है, जैसे– मोटापा (Obesity), हृदय रोग (Heart Disease), उच्च रक्तचाप (Hypertension), हाइपर विटामिनोसिस 'A' तथा 'D' आदि।

**28. Which leader believes that if workers are left alone, the work will be finished soon?**
**वह कौन सा नेता है, जो यह मानता है कि यदि कार्यकर्ताओं को अकेला छोड़ दिया जाये, तो कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा?**

(a) Laissez-faire leader /अहस्तक्षेपी नेता
(b) Formal leader /औपचारिक नेता
(c) Informal leader /अनौपचारिक नेता
(d) Democratic leader /प्रजातांत्रिक नेता

**Ans. (a) :** अहस्तक्षेपी नेता (Laissez-faire leader) - अहस्तक्षेपी नेता काफी आत्म व्याख्यात्मक होते है। अहस्तक्षेपी नेताओं का अपने कर्मचारियों पर विश्वास और निर्भरता का रवैया होता है। इस प्रकार का नेतृत्व बहुत ही व्यावहारिक होता है– प्रबंधकों को अपने कर्मचारियों पर भरोसा होता है और उन्हे अपनी क्षमताओं पर भरोसा होता है।
अहस्तक्षेप नेतृत्व शैली की कई सामान्य विशेषताएं है जिनमें शामिल हैः-
- नेताओं से थोड़ा मार्गदर्शन
- कर्मचारियों में निर्णय लेने की क्षमता होती है।
- लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करें।
- नेता समग्र कार्यों और निर्णयों की जिम्मेदारी लेते हैं।

**29. Milk protein is rich in which one of the essentialmino acid?/दुग्ध प्रोटीन किस एक आवश्यक अमीनो अम्ल में धनी होता है?**

(a) Tryptophan /ट्रिप्टोफैन
(b) Lysine /लाइसीन
(c) Arginine /आर्जिनीन
(d) Serine /सीरीन

**Ans. (b) :** दूध एक सम्पूर्ण भोज्य पदार्थ है इसमें शारीरिक वृद्धि एवं विकास के लिए सभी आवश्यक पौष्टिक तत्व उचित मात्रा एवं अनुपात में उपस्थित रहते है।
दूध एक जटिल रासायनिक पदार्थ (Complex Chemical Compound) है, जिसमें वसा पायस के रूप में, कैसीन कैल्शियम कैसीनेट (Calcium Casenate) के रूप में, शर्करा लैक्टोज (Lactose) के रूप में, फास्फोप्रोटीन एवं अन्य पौष्टिक तत्व घुले रहते हैं। इसमें सभी आवश्यक अमीनों अम्ल उपलब्ध रहते हैं। परन्तु सल्फरयुक्त अमीनों अम्ल का अभाव रहता है। इसमें लाइसीन (Lysine) तथा थ्रेयोनीन (Threonine) की प्रचुरता रहती है।

**30. The intensity of sound that can damage ear drum of humans, is -**
**ध्वनि की तीव्रता जो मानव के पर्दे को क्षति पहुँचा सकती हैं-**

(a) More than 70 db/ 70 डी बी से अधिक
(b) More than 70 A /70 ए से अधिक
(c) More than 50 db /50 डी बी से अधिक
(d) More than 50 A /50 ए से अधिक

**Ans. (a) :** ध्वनि की तीव्रता जो मानव कान के पर्दे को क्षति पहुँचा सकती है। 70 डी बी से अधिक है।
दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान कभी भी ध्वनि की तीव्रता नहीं मापी जाती न ही पटाखों पर उनकी तीव्रता अंकिता होती है। ईएनटी सर्जन डॉ. सुभाष राना का कहना है कि 70 डेसीबल से अधिक तीव्रता के धमाकें के बाद कान में स्थायी बहरापन आ सकता है, जो ऑपरेशन के बाद ठीक नहीं हो सकता है।

**31. Arrange the channels of distribution of consumer goods from first to last stage?**
**उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण के माध्यमों को पहली से अंतिम अवस्था में क्रमबद्ध कीजिये-**

**(I) Consumer/ उपभोक्ता**
**(II) Wholesaler/ थोक विक्रेता**
**(III) Manufacturer/ उत्पादक**
**(IV) Retailer/ खुदरा विक्रेता**

**Code/कूटः**

(a) I, II, IV, III
(b) I, IV, III, II
(c) III, II, IV, I
(d) III, IV, I, II

**Ans. (c) :** उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण के माध्यमों को पहली से अंतिम अवस्था।
1. उत्पादक
2. थोक विक्रेता
3. खुदरा विक्रेता
4. उपभोक्ता
1. उत्पादक जो सामान को ले आता है और बाजार में बेचता है।
2. थोक विक्रेता वह है जो थोक भाव में सामान खरीद कर लाता है और उचित मूल्य पर बेचता है। थोक बाजार में सामान सस्ते मिलते हैं।
3. ऐसा बाजार जिसमें कम मात्रा में वस्तुओं को खरीदा एवं बेचा जाता है।
4. किसी भी उत्पादित वस्तु को खरीदने वाला उपभोक्ता कहलाता है।

**32. A two year child may have a vocabulary of as many as how many words?**
**दो वर्षीय बालक के शब्दकोष में अधिक कितने शब्द हो सकते है?**

(a) 250
(b) 500
(c) 1000
(d) 2000

**Ans. (a) :** दो वर्षीय बालक के शब्द कोष में अधिक से अधिक 250 शब्द हो सकते हैं।
दो से तीन वर्ष के बीच की आयु में बच्चा व्याकरण युक्त भाषा सीख लेता है। वाक्य बनाने की उसकी क्षमता का विस्तार होने लगता है। और उसमें वे शब्द शामिल होने लगते हैं। जो टेलीग्राफिक भाषा में विद्यमान नहीं थे जैसे- क्रियाएं उपपद, आर्टिकल, संयोजक, संबंध वाचक शब्द। चार वर्ष की आयु तक बच्चे की भाषा काफी सुव्यवस्थित हो जाती है।

**33. Analysis of unnecessary movements, that are to be eliminated, is done under which of the following?/अनावश्यक गतियों का विश्लेषण, जिनका उन्मूलन किया जाना है, निम्न में से किसके अंतर्गत किया जाता हैं?**

(a) Micro-motion film analysis /माइक्रो-मोशन फिल्म विश्लेषण
(b) Chronocyclography /क्रोनोसायक्लोग्राफी
(c) Cyclography/सायक्लोग्राफी
(d) Process chart /प्रोसेस चार्ट

**Ans. (b) :** अनावश्यक गतियों का विश्लेषण जिनका उन्मूलन क्रोनोसायक्लोग्राफ के अन्तर्गत किया जाता है। इस विधि में किये जाने वाले कार्यों को तथा उसमें उत्पन्न गतियों का अध्ययन करने हेतु एक फोटोग्राफिक यंत्र (क्रोनोसायक्लोग्राफ) का प्रयोग किया जाता है। इस क्रिया में जिस अंग का अध्ययन करना होता है। उसे इस यंत्र से जोड़ दिया जाता है। इस यंत्र में बल्ब भी लगा रहता है और कार्यों का रिकार्ड करने हेतु कैमरा भी लगा होता है। गतिविधियों को बल्ब की रोशनी के द्वारा रेखीय चित्रण के माध्यम से दर्शाया जाता है।
यह जाँच की जाती है। कि कार्य लयपूर्ण है अथवा नहीं है इस प्रक्रिया के कमियों को ज्ञात करने हेतु हाथ के बीच की अंगुली में एक छोटा बल्ब लगा दिया जाता है। जिससे कार्य की फिल्म तैयार किया जा सकें और अध्ययन किया जाता सके।

**34. Match the following-**
**सुमेलित कीजिये-**

| List/सूची- I (Food Items /खाद्य पदार्थ) | | List/सूची- II (Nutrients/पोषक तत्व) | |
|---|---|---|---|
| (A) | Green, yellow vegetables/ हरी, पीली सब्जियाँ | (1) | Calcium, phosphorus, proteins & vitamins/ कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन व विटामिन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(B)** | **Milk & milk products/ दूध व दुग्ध पदार्थ** | **(2)** | **Ascorbic Acid/ एस्कॅार्बिक एसिड** |
| **(C)** | **Bread, flour, cereals/ ब्रेड, आटा, अनाज** | **(3)** | **Carotenoids, Iron & Ascorbic acid/ कैरोटीनोइड्स, आयरन व एस्कॅार्बिक एसिड** |
| **(D)** | **Oranges, Tomatoes, graphs & Raw cabbage/ संतरा, टमाटर, अंगूर व पत्ता-गोभी** | **(4)** | **Thiamine, Niacin, Riboflavin, Iron, Carbohydrate, Fibre/ थायमिन नियासिन राइबोफ्लेविन, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर** |

**Code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**Ans. (d) :**
(a) हरी पीली सब्जियां- कैरोटीनोइड्स आयरन एस्कॉर्बिक एसिड
(b) दूध व दुग्ध पदार्थ- कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन व विटामिन
(c) ब्रेड, आटा (कार्बोहाइड्रेट फाइबर) अनाज- थायमिन, नियासिन, राइबोफ्लेविन, आयरन,
(d) संतरा, टमाटर, अंगूर व पत्ता गोभी- एस्कार्बिक एसिड

**35. Match the following and give correct answer from the code given below-**
**निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर दीजिये-**

| | List/सूची- I | | List/सूची- II |
|---|---|---|---|
| **(A)** | **Personal fables/ व्यक्तिगत कल्प कहानी** | **(1)** | **Freud / फ्रायड** |
| **(B)** | **Reinforcement / पुनर्बलन** | **(2)** | **Uric Bronfenbrennr / यूरी ब्रोंफेनब्रेनर** |
| **(C)** | **Super Ego /पराहम्** | **(3)** | **Piaget/ पियाजे** |
| **(D)** | **Mesosystem /मध्यस्तर** | **(4)** | **Skinner / स्किनर** |

**Code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

| **Ans. (b):सूची -I** | | **सूची -II** |
|---|---|---|
| (a) व्यग्तिगत कल्प कहानी | - | पियाजें |
| (b) पुनर्बलन | - | स्किनर |
| (c) पराहम् | - | फ्रायड |
| (d) मध्य स्तर | - | यूरी ब्रोन फेनब्रेनर |

**36. Pigmented material "Melanin" is present in which layer of the skin?/वर्णक पदार्थ ''मैलेनिन'' त्वचा के किस स्तर में उपस्थित रहता है?**
(a) Stratum Corneum /शल्क स्तर
(b) Stratum Germinativum /प्रारोही स्तर
(c) Stratum Granulosum /कणमय स्तर
(d) Stratum Lucidum /शुभ्र स्तर

**Ans. (b) :** वर्णक पदार्थ ''मैलेनिन'' त्वचा के प्रारोही स्तर (Stratum Germinativum) में उपस्थित रहता है। मैलेनिन (Melanin) एक प्राकृतिक रंगद्रव्य (Pigment) है जो पृथ्वी के अधिकतर जीवों में पाया जाता है, लेकिन मकड़ियों में मैलानिन वर्णक पदार्थ नही पाया जाता है जानवरों में मैलानिन टाइरोसीन (Tyrosine) नामक एक अमीनो अम्ल से बनता है। जीवों में मैलानिन सबसे अधिक पाया जाने वाला रूप 'यूमेलेनिन' (Eumelanin) कहलाता है। मनुष्यों में यही बालों, त्वचा, और आँखों को रंग देता है यदि मैलानिन कम हो तो आँखों का रंग हरा या नीला, बालों का रंग सुनहरा और त्वचा का रंग सफेद हो जाता है।

**37. Which organs of human body store glucose in the form of glycogen?**
**मानव शरीर के कौन से अंग ग्लूकोज को ग्लाइकोजिन के रूप में संग्रहित रखते हैं?**
(a) Lungs and stomach /फेफड़े एवं आमाशय
(b) Liver and muscles /यकृत एवं मांसपेशियाँ
(c) Stomach and muscles /आमाशय एवं मांसपेशियाँ
(d) Small Intestine and Liver /छोटी आंत एंव यकृत

**Ans. (b) :** रक्त में ग्लूकोज की अधिक मात्रा होने पर ग्लाइकोजन (ग्लाइकोजिन) के रूप में या तो यह यकृत में जमा होता जाता है अथव वसीय तन्तुओं में, माँसपेशियों में जमा होता है। परन्तु इन्सुलिन के अभाव में जब ग्लूकोज ग्लाइकोजन मे परिवर्तित नही हो पाता है तो यह मूत्र के द्वारा बाहर निकलने लगता है। अर्थात् पेशाब से ग्लूकोज निकलने लगता है परिणामतः व्यक्ति को मधुमेह जिसे डायबिटीज भी कहते हैं, हो जाता है।
अंगूर, शहद, मीठे फल, शक्कर, गुड़, चुकन्दर, आलू, शकरकन्द, प्याज अरबी आदि ग्लूकोज प्राप्ति के उत्तम साधन है।

**38. The chemical used to purify muddy water is-**
**मिट्टीयुक्त जल को शुद्ध करने के लिये प्रयोग किया जाने वाला रसायन है-**
(a) Aluminium sulphate /एल्युमीनियम सल्फेट
(b) Postassium permanganate /पोटैशियम परमैंगनेट
(c) Chlorine /क्लोरीन
(d) None of the above /उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** मिट्टीयुक्त जल को शुद्ध करने के लिए प्रयोग कियाजाने वाला रसायन एल्यूमीनियम सल्फेट है।

**39. Which of these is not non-human resource?**
**निम्नलिखित में से क्या अमानवीय साधन नहीं है?**

(a) Energy /ऊर्जा
(b) Goods /सम्पत्ति /माल
(c) Money /धन
(d) Time /समय

**Ans. (a) :** निम्नलिखित में से ऊर्जा अमानवीय साधन नहीं है। गृह प्रबंधन में संसाधन -2 प्रकार के होते हैं।
1. मानवीय
2. अमानवीय
ऐसे संसाधन जिसकी प्राप्ति व्यक्ति के अन्दर से होती हैं या व्यक्ति में निहित होती है मानवीय संसाधन कहते हैं ऐसे संसाधनों को न तो देखा जा सकता है न छुआ जा सकता है जैसे ज्ञान अभिवृत्ति अभिक्षमता, ऊर्जा, व्यक्तित्व, ईमानदारी, कौशल आदि।

**40. Social Learning theories believe that behavior is -**
**सामाजिक अधिगम सिद्धांत विश्वास करता है, कि व्यवहार -**

**(1) Well established by adolescence/ किशोरावस्थ तक पूर्ण रूपेण स्थापित हो जाता है।**
**(2) Remains relatively the same throughout the adulthood/ सम्पूर्ण व्यस्कावस्था में अपेक्षकृत समान रहता है।**

**Select the correct answer from the following code-/निम्नलिखित कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये-**

(a) Only (1)/केवल (1)
(b) Only (2)/केवल (2)
(c) Both (1) and (2) / (1) एवं (2) दोनों
(d) None of the above /उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** सामाजिक अधिगम सिद्धान्त के प्रतिपादक अल्बर्ट बंडूरा है सामाजिक अधिगम (Social Learning), अधिगम सीखने से सम्बन्धित एक सिद्धान्त है। दूसरे लोगों के व्यवहार को देखकर, उससे सीखना, सामाजिक अधिगम कहलाता है। सामाजिक अधिगम, व्यक्तिगत अधिगम या समूह अधिगम की अपेक्षा अधिक बड़े पैमाने पर होता है। इसके द्वारा अभिवृत्ति या व्यवहार में परिवर्तन हो भी सकता है और नही भी हो सकता है। दूसरो को देखकर उनके अनुरूप व्यवहार करने के कारण अथवा दूसरों के व्यवहारों को अपने जीवन में उतारने तथा समाज द्वारा स्वीकृत व्यवहारों को धारण करने तथा अमान्य व्यवहारों को त्यागने के कारण ही यह सिद्धान्त सामाजिक अधिगम सिद्धान्त कहलाता है इसी को बंडूरा का अनुकरण द्वारा व्यवहार में रूपान्तरण का सिद्धान्त कहते है।

**41. A substance which has the property of combining with the bacteria and rendering them more susceptible to 'phagocytosis' is -**
**एक पदार्थ जिसमें जीवाणु के साथ संयोजन करने और उन्हें 'फैगोसाइटोसिस' के लिये अति संवेदनशील बनाने का गुण होता है, वह है-**

(a) Phagocyte /भक्षककोशिकीय
(b) Epsonin /एप्सोनिन
(c) Precipitin /प्रेसिपिटिन
(d) Agglutinin/एग्लूटिनिन

**Ans. (b) :** एप्सोनिन वह पदार्थ है जिसमें जीवाणु के साथ संयोजन करने और उन्हें 'फैगोसाइटोसिस' के लिये अति संवेदनशील बनाने का गुण होता है।

**42. Commodities and facilities which are available to the family without use of money-**
**वस्तुएं एंव सुविधाएं जो परिवार को बिना धन के उपयोग से उपलब्ध होती हैं-**

(a) Real Direct Income /वास्तविक प्रत्यक्ष आय
(b) Psychic income /मनोवैज्ञानिक आय
(c) Money income /मौद्रिक आय
(d) Real income /वास्तविक आय

**Ans. (a) :** वस्तुएं एवं सुविधाएं जो परिवार को बिना धन के उपयोग से उपलब्ध होती है। उसे वास्तविक प्रत्यक्ष आय कहते है। इसके अन्तर्गत उन समस्त वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है। जो किसी परिवार के सदस्यों द्वारा दी गई सेवायें अथवा किसी व्यक्ति के वेतन के अतिरिक्त प्राप्त सुविधायें जैसे- निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, आवास इत्यादि हो सकते हैं।

**43. Assertion (A) : According to Engel's Law of consumption, as the income increases the proportion of income spent of food decreases.**
**Reason (R) : Priorities change with increase in family income.**
**अभिकथन (A): एन्जिल के उपभोग नियम के अनुसार जैसे जैसे आय बढ़ती है, उसके अनुपात में भोजन पर होने वाला व्यय घटता है।**
**कारण (R): पारिवारिक आय के साथ वृद्धि होने पर प्राथमिकतायें परिवर्तित हो जाती है।**
**Code/कूट:**

(a) Both A and R are true and R is correct explanation of A /A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A /A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A is true but R is false /A सही है परन्तु R गलत है
(d) A is false but R is true /A गलत है परन्तु R सही है

**Ans. (b) :** इस कथन में A तथा R दोनों सही है। परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(A) ऐन्जिल के उपभोग नियम के अनुसार जैसे-जैसे आय बढ़ती है। उसके अनुपात में भोजन पर होने वाला व्यय घटता है और मनोरंजन पर व्यय अधिक होता है। रहन सहन का स्तर ऊँचा होता है।
(R) पारिवारिक आय के साथ वृद्धि होने पर प्राथमिकतायें परिवर्तित हो जाती है।
एंजिल्स लॉ (Angel's Law) बचत को ध्यान में रखते हुये 1857 में एक प्रसिद्ध जर्मन अर्थशास्त्री 'अर्नेस्ट एंजिल' ने जीवन की विभिन्न आवश्यकताओं पर जीवन स्तर के अनुकूल व्यय का प्रतिशत निर्धारित किया इसे ही हम एंजिल्स लॉ के नाम से जानते है।
इन्होनें बताया है कि आय में वृद्धि के साथ भोजन पर होने वाला व्यय कम होता है।

– आय परिवर्तन होने पर वस्त्र तथा मकान, ईंधन, प्रकाश पर होने वाला व्यय लगभग स्थिर रहता है और शिक्षा, मनोरंजन स्वास्थ्य तथ व्यक्तिगत सुविधाओं पर होने वाला व्यय बढ़ जाता है।

**44. Match and choose the correct answer from the given code-/सुमेलित कीजिये एंव दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये-**

| | List/सूची- I | | List/सूची- II |
|---|---|---|---|
| (A) | Wool / ऊन | (1) | Thermoplastic / ताप सुनम्यता |
| (B) | Silk / रेशम | (2) | High affinity for dyes / रंगों के प्रति उच्च साद्रश्यता |
| (C) | Cotton / कपास | (3) | Resiliency/ प्रतिस्कंदता |
| (D) | Nylon /नायलॉन | (4) | Absorbent / अवशोषक |

**Code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**Ans. (d) :**

| सूची - II | | सूची - II |
|---|---|---|
| ऊन | - | प्रतिस्कन्दता |
| रेशम | - | रंगो के प्रति उच्च सादृश्यता |
| कपास | - | अवशोषक |
| नायलॉन | - | ताप सुनम्यता |

**45. If groundnuts are kept in an unhygienic place, they are likely to be infected by which microorganism?**
**यदि मूँगफली को अस्वच्छकर स्थान पर रखा जाता है, तो उनमें किस सूक्ष्म जीवाणु से संक्रमित होने की संभावना अधिक है?**

(a) Ergot /अर्गोट
(b) Fusarium /फ्यूज़ेरियम
(c) Aflatoxin /एफ्लाटॉक्सिन
(d) Penicillium /पैनिसिलियम

**Ans. (c) :** यदि मूँगफली को अस्वच्छकर स्थान पर रखा जाता है। तो उनमें एफ्लाटॉक्सिन नामक जीवाणु से संक्रमित होने की संभावना सबसे अधिक रहती है। एफ्लाटॉक्सिन विभिन्न जहरीले कार्सिनोजेन्स है जो कुछ मोल्डो, विशेष रूप से एस्परगिलस प्रजातियों द्वारा निर्मित होते हैं। कवक मिट्टी, सड़ती हुई वनस्पति और विभिन्न मुख्य खाद्य पदार्थों और वस्तुओं जैसे- घास, स्वीटकॉर्न, गेहूँ, बाजरा, शवर्त, कसावा, चावल, मिर्च, बिनौला मूँगफली, पेड़ के नट, तिल, सूरजमुखी के बीच में पनतपे है एफ्लाटॉक्सिन दूषित चिकन मांस और अंडे का भी संदिग्ध स्रोत है।

**46. In which period the embryo measures about $\frac{1}{2}$ inch to 2 inches long?**

**किस अवस्था में भ्रूण की लम्बाई $\frac{1}{2}$ इंच से 2 इंच तक होती है?**

(a) Germinal period /बीजावस्था
(b) Granular period /ग्रेन्यूलर अवस्था
(c) Embryonic period /भ्रूण अवस्था
(d) Foetal period /गर्भस्थ शिशु अवस्था

**Ans. (c) :** भ्रूण अवस्था में भ्रूण की लम्बाई 1/2 इंच से 2 इंच तक होती है।

**47. Resist printed textiles of Gujarat are known as-**
**गुजरात के अवरोधक छपाई वाले वस्त्र को कहते हैं-**

(a) Ajrakh /अजरख
(b) Kalamkari /कलमकारी
(c) Ikat /ईकत
(d) Madhubani /मधुबनी

**Ans. (a) :** गुजरात के अवरोध छपाई वाले वस्त्र को अजरख कहते हैं। इस छपाई विधि में जहां रंग नहीं लगाना होता है। वहां टेराफिन या रेजिन आदि लगाकर ढक दिया जाता है। जिससे ढ़के भाग पर रंग नहीं जाता है और बिना ढके स्थान पर रंग चढ़ जाता है इसके अन्तर्गत Screen Printing, Batick Printing आदि आते हैं।

**48. Arrange the following events, with reference to language development in chronological order-**
**भाषा विकास के संदर्भ में, निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में लगायें-**

**(1) Cooing /कूइंग**
**(2) One word /एक शब्द**
**(3) Crying /क्रन्दन**
**(4) Babbling/ बबलाना**

**Code/कूटः**

(a) 1, 3, 4, 2 (b) 3, 4, 1, 2
(c) 3, 1, 4, 2 (d) 2, 1, 3, 4

**Ans. (c) :** भाषा विकास के संदर्भ में निम्नलिखित घटनाओं का कालानुक्रम

1. क्रन्दन 2. कूइंग
3. बबलाना 4. एक शब्द

**49. Choose the correct answer from the code given below-**
**Assertion (A) : Thicker thread is prepared by Ring frame than Mule frame.**
**Reason (R): Because Ring frame is a fast process.**
**नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिये-**
**अभिकथन (A) म्यूल फ्रेम की तुलना में रिंग फ्रेम द्वारा मोटा धागा तैयार होता है।**
**कारण (R) : क्योंकि रिंग फ्रेम एक तीव्र गति प्रक्रिया है।**

**Code/कूटः**

(a) Both A and R are false /दोनों A तथा R गलत हैं
(b) Both A and R are true /दोनों A तथा R सही हैं
(c) A is true but R is false /A सही परन्तु R गलत है
(d) A is false but R is true /A गलत परन्तु R सही है

**Ans. (b) :** दोनों A तथा R सही है।
A म्यूल फ्रेम की तुलना में रिंग फ्रेम द्वारा मोटा धागा तैयार होता है।
R क्योंकि रिंग फ्रेम एक तीव्र गति प्रक्रिया है।

**50. Butylated Hydroxyanisole (BHA) is a-**
**ब्यूटाइलेटेड हाइड्रॉक्सीऐनीसोल ( बी एच ए ) है –**

(a) Sequestrant /सीक्वेस्ट्रेन्ट
(b) Emulsifying agent /पायसीकारक अभिकर्ता
(c) Antioxidant /एन्टीऑक्सीडेन्ट
(d) Colouring agent /रंग वर्ण अभिकर्ता

**Ans. (c) :** ब्यूटाइलेटेड हाइड्रॉक्सीऐनीसोल (बी.एच.ए.) एक एन्टीऑक्सीडेंट हैं जिसमें दो आइसोमेरिक कार्बनिक यौगिकों का मिश्रण होता है।
2- टर्ट ब्यूटाइल -4- हाइड्रोक्सियानिसोल और 3- टर्ट ब्यूटाइल -4 हाइड्रोक्सियानिसोल। यह 4-मेथाक्सीफेनॉल और आइसोब्यूटिलीन से तैयार किया जाता है (BHA) भी आमतौर पर इस तरह के रूप दवाओं में प्रयोग किया जाता है। 1947 के बाद से BHA को इसके एंटीऑक्सीडेंट गुणों के खाद्य वसा और वसा युक्त खाद्य पदार्थों में जोड़ा गया है। क्योंकि यह भोजन को खराब होने से रोकता है।

**51. Dish washing function should ideally be performed in which centre of kitchen?**
**सैद्धांतिक रूप से बर्तन धोने का कार्य रसोइ-घर के किस केन्द्र में किया जाना चाहिये?**

(a) Storage centre /भंडारण केन्द्र
(b) Preparation centre /तैयारी का केन्द्र
(c) Cooling centre /हिमीकरण केन्द्र
(d) Serving centre /परोसने का केन्द्र

**Ans. (b) :** सैद्धांतिक रूप से बर्तन धोने का कार्य रसाई घर के तैयारी के केन्द्र में किया जाना चाहिये। बर्तन धुलने का कार्य इसलिये तैयारी केन्द्र में करना चाहिये ताकि अगर हम सब्जी काट रहे हैं। तो हमें धुलने में सुविधा हो।

**52. Drying the fruits and vegetables to about 50% of their weight and volume, then freezing to preserve it is known as-**
**फलों एंव सब्जियों को उनके मूल भार से 50% तक सुखाकर, फ्रीजिंग करके संरक्षित करना कहलाता है-**

(a) Sharp freezing /शार्प फ्रीजिंग
(b) Dehydro freezing /डी-हाइड्रो फ्रीजिंग
(c) Slow freezing /स्लो फ्रीजिंग
(d) Quick freezing /त्वरित फ्रीजिंग

**Ans. (b) :** फलो एवं सब्जियों को उनके मूल भार से 50% तक सुखाकर फ्रीजिंग करके संरक्षित करना डी-हाइड्रो फ्रीजिंग करना कहलाता है। वास्तव में यह विधि अंशतः निर्जलीकरण तथा शीतकरण पर आधारित है। इस विधि द्वारा जिन फलों एवं सब्जियों को संरक्षित करके रखना होता है। उन्हें सर्वप्रथम गर्म करके उसमें नमी को कम से कम आधी मात्रा को सुखा दिया जाता है। तत्पश्चात इसका हिमीकरण किया जाता है भोजन पकाते समय पुनः पानी डालकर इसकी मात्रा सन्तुलित की जाती है।

**53. A..........Consists of siblings who combine their families to share resources and work.**
**एक..........में सहोदर (भाई, बहन) सम्मिलित होते हैं, जो अपने परिवारों के संसाधनों एंव कार्य को साझा करने के लिये जोड़ते है।**

(a) Extended family /विस्तृत परिवार
(b) Nuclear family /एकाकी परिवार
(c) Joint family /संयुक्त परिवार
(d) Blended family /मिश्रित परिवार

**Ans. (a) :** एक विस्तृत परिवार में सदोहर भाई बहन सम्मिलित होते हैं जो अपने परिवारो के संसाधनों एवं कार्य को साझा करने के लिये जोड़ते हैं।

**54. With reference to marriage, which of the statement is/are correct?**
**(1) Marry people of similar race, age, education religion and social class reflect the practice of homogamy.**
**(2) This practice prevails in Western countries, but not in India.**
**विवाह के संदर्भ में, कौनसा कथन सही है?**
**(1) समान जाति, आयु शिक्षा, धर्म एवं सामाजिक वर्ग के व्यक्ति सम विवाह के चलन को प्रतिबिंबित करते हैं।**
**(2) यह प्रचलन पाश्चात् देशों में है, परन्तु भारत में नहीं।**

**Code/कूट :**

(a) Only (1)/ केवल (1)
(b) Only (2)/ केवल (2)
(c) Both (1) and (2)/ (1) एवं (2) दोनों
(d) Neither (1) nor (2)/न तो (1) ना ही (2)

**Ans. (a) :** 1- विवाह के संदर्भ में,
समान जाति आयु, शिक्षा, धर्म एवं सामाजिक वर्ग के व्यक्ति सम विवाह के चलन को प्रतिबिंबित करते हैं।

**55. Use of Radium and X-rays in the initial stage of pregnancy may produce.......... in the infant.**
**गर्भकाल की प्रारम्भिक अवस्था में रेडियम एवं X-किरणों के प्रयोग से शिशु में............ हो सकता है।**

(a) Hydrocephaly /हाइड्रोसेफाली
(b) Microcephaly /माइक्रोसेफाली
(c) Infection /संक्रमण
(d) Nervous instability /तंत्रकीय अस्थिरता

**Ans. (b) :** गर्भकाल की प्रारम्भिक अवस्था में रेडियम एवं X किरणों के प्रयोग से शिशु माइक्रोसेफाली हो सकता है।

माइक्रोसेफाली एक दुर्लभ प्रकार की न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जिसमें शिशु का सिर उसी उम्र के अन्य बच्चों की तुलना में काफी छोटा होता है। माइक्रोसेफाली यानी बच्चों के छोटे सिर की यह स्थिति गर्भ में मस्तिपक के असामान्य रूप से विकसित होने अथवा जन्म के बाद मस्तिपक का विकास सही से न हो पाने के कारण होता है।

**56. Choose in incorrect statemen-**
**असत्य वाक्य का चयन करें-**

(a) Cotton, linen, jute are natural cellulosic fibres. /कपास, लिनन, जूट प्राकृतिक सेल्यूलोजिक तन्तु हैं।
(b) Wool, hemp silk are protein fibres /ऊन, हैम्प रेशम प्रोटीन तन्तु हैं।
(c) Asbestos, glass modacrylic are mineral fibres. /एस्बेस्टोस, ग्लास मोडैक्रिलिक खनिज तन्तु हैं।
(d) Rayon, Acetate are manmade cellulosic fibres. /रेयॉन, एसिटेट मानवकृत सैल्यूलोसिक तन्तु हैं।

**Ans. (b) :** ऊन, हेम्प, रेशम प्रोटीन तन्तु यह असत्य कथन है।
ऊन-ऊन यह प्राकृतिक जगत के प्राणिज समूह से प्राप्त होने वाला प्रोटीन युक्त रेशा है। इसमें केरेटीन नाम का प्रोटीन प्राप्त होता है।
हेम्प प्राकृतिक समूह का एक पौधा है। जो कि तने से प्राप्त किया जाता है। रेशम- यह एक प्राकृतिक जगत का रेशा है। जिसकी प्राप्ति प्राणिज्य से होती है। इसमें प्रोटीन प्रधान होता है तथा यह एक कीड़े से प्राप्त किया जाता है इस कीड़े का नाम 'बॉम्बेक्स मोरी' है।
रेशम के कीड़ों का पालन सेरीकल्चर कहलाता हैं रेशम में फाइब्रिन नाम का प्रोटीन तथा सेरेसिन नाम का गोंद होता है।

**57. Haemoglobin is which type of protein?**
**हीमोग्लोबिन किस प्रकार का प्रोटीन है?**

(a) Vegetable protein /वनस्पति प्रोटीन
(b) Simple protein /साधारण प्रोटीन
(c) Conjugated protein /संयुक्त प्रोटीन
(d) Derived protein /व्युत्पन्न प्रोटीन

**Ans. (c) :** संयुक्त प्रोटीन (Conjugated Protein)– ये वे प्रोटीन होते है जिसमें साधारण प्रोटीन के अणु के साथ-साथ अन्य पोषक तत्व के अणु भी उपस्थित रहते है।

साधारण प्रोटीन + अन्य पोषक तत्व = संयुक्त प्रोटीन

संयुक्त प्रोटीन
↓
- ग्लाइकोप्रोटीन
- न्यूक्लियोप्रोटीन
- लाइपोप्रोटीन
- हीमोग्लोबिन
- लैसीथोप्रोटीन
- फास्फोप्रोटीन

**58. The only artery in the human body that carries deoxygenated blood is the-**
**मानव शरीर में एकमात्र धमनी जो ऑक्सीजन रहित रक्त वहन करती है-**

(a) Right coronary artery /दायीं हार्दिकी धमनी
(b) Left coronary artery /बायीं हार्दिकी धमनी
(c) Pulmonary artery /फुफ्फुसी धमनी
(d) Carotid artery /ग्रीवा धमनी

**Ans. (c) :** मानव शरीर में एक मात्र धमनी फुफ्फुस धमनी है। जो ऑक्सीजन वहन करती हैं
वाहिकाएं अशुद्ध रक्त को हृदय से फुफ्फुसो तक और शुद्ध रक्त को पुनः हृदय में ले जाती है।

**59. Role of egg in Mayonnaise is an example of-**
**मैयोनेज में अण्डे की भूमिका का उदाहरण है-**

(a) Emulsifying agent /पायसीकारक अभिकर्ता का
(b) Thickening agent /थिकनिंग अभिकर्ता का
(c) Clarifying agent /क्लैरिफाइंग अभिकर्ता का
(d) Glazing agent /ग्लेजिंग अभिकर्ता का

**Ans. (a) :** मैयोनेज में अण्डे की भूमिका का उदाहरण पायसीकरण अभिकर्ता का है।
मैयोनेज बनाने में अण्टे की भूमिका अत्यधिक है।
अण्डे के सफेद भाग को हटाकर पीले भाग से मैयोनेज बनाया जाता है। केक, बिस्कुट, पेस्ट्री आदि में भी मैयोनेज का इस्तेमाल किया जाता है।

**60. With reference to developmental task, arrange these tasks in chronological order-**
**विकासात्मक कार्यों के संदर्भ में इन कार्यों को कालानुक्रमिक क्रम में लगाये-**

**(I) Begin to develop appropriate feminine and masculine social roles/ यथोचित स्त्रीयोचित एवं पुरूषोचित सामाजिक भूमिकाओं का प्रारम्भ**
**(II) Achieving emotional independence from parents and other adults/ अभिभावकों एवं अन्य वयस्कों से संवेगात्मक स्वतन्त्रता प्राप्त करना**
**(III) Learning to distinguish right and wrong/ सही एवं गलत में भेद का अधिगम**
**(IV) Taking on civic responsibilities/ नागरिकीय उत्तरदायित्वों को लेना**

**Code/कूटः**
(a) I, III, II, IV
(b) III, I, IV, II
(c) III, I, II, IV
(d) I, III, IV, II

**Ans. (c) :** विकासात्मक कार्यो के संदर्भ में कालानुक्रमिक क्रम
(A) सही एवं गलत में भेद का अधिगम
(B) यथोचित स्त्रियोंचित एवं पुरुषोंचित
(C) अभिभावकों एवं अन्य वयस्कों से संवेगोत्मक स्वतन्त्रता प्राप्त करना
(D) नागरिकीय उत्तर दायित्वों को लेना

**61. Match the deficiency diseases with their deficient nutrient-**
**कमी के रोगों का उनके कमी के पोषक तत्व से मिलान कीजिये-**

| List/सूची- I (DeficiencyDisease/ कमी का रोग) | | List/सूची- II (Deficient Nutrient/ पोषक तत्व की कमी) | |
|---|---|---|---|
| **(A)** | **Pernicious Anaemia/ परनीशियस अनीमिया** | **(1)** | **Vitamin C/ विटामिन सी** |
| **(B)** | **Rickets / रिकेट्स** | **(2)** | **Vitamin B12/ विटामिन बी 12** |
| **(C)** | **Scurvy / स्कर्वी** | **(3)** | **Protein / प्रोटीन** |
| **(D)** | **Kwashiorkor / क्वाशियोरकर** | **(4)** | **Vitamin D/ विटामिन डी** |

**Code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (c) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (d) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**Ans. (c) :** रोगों में होने वाली कमी का पोषक तत्व से मिलान

| | | |
|---|---|---|
| (A) परनीशियस अनीमिया | - | विटामिन बी 12 |
| (B) रिकेट्स | - | विटामिन डी |
| (C) स्कर्वी | - | विटामिन सी |
| (D) क्वाशियोरकर | - | प्रोटीन |

**62. Which of the following is a double pointed dart?**
**निम्नलिखित में से कौन सा दोहरा नुकीला डार्ट है?**

(a) Flange /फ्लैंज
(b) French /फ्रेंच
(c) Fish /फिश
(d) Dressmaker /ड्रेसमेकर

**Ans. (c) :** निम्नलिखित में दोहरा नुकीला डार्ट फिश डार्ट है।

**63. Which of the following is/are non-projected visual aids?**
**निम्नलिखित में से कौन अप्रक्षेपित दृश्य सामग्री हैं?**

**(i) Charts/ चार्ट**
**(ii) Posters/ पोस्टर**
**(iii) Graphs/ग्राफ**
**(iv) Slides/ स्लाइड**

**Code/कूटः**

(a) (i), (ii), (iii)  (b) (ii), (iii),(iv)
(c) (i), (iii), (iv)  (d) (i), (ii), (iv)

**Ans. (a) :** अप्रेक्षित दृश्य सामग्री का क्रम
1. चार्ट
2. पोस्टर
3. ग्राफ

**44. The most commonly used discharging agent is-**
**सबसे अधिक प्रयुक्त हाने वाला निर्वहण अभिकारक (डिस्चार्जिंग ऐजेन्ट) कौन सा है?**

(a) Sodium hydroxide /सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(b) Sodium hydrosulphide /सोडियम हाइड्रोसल्फाइड
(c) Glycerine /ग्लिसरीन
(d) Rongalite /रोंगालाइट

**Ans. (d) :** सबसे अधिक प्रयुक्त होने वाला निर्वहण अभिकारक (Discharijing-Agent) रोंगालाइट है।

**65. Match List I with List II, select the correct answer form the given code-**
**सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये, दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये-**

| List/सूची- I | | List/सूची- I | |
|---|---|---|---|
| **(A)** | **Resources / संसाधन** | **(1)** | **Time/ समय** |
| **(B)** | **Crux of management /प्रबंधन की जड़** | **(2)** | **Limited / सीमित** |
| **(C)** | **Human Resources / मानवीय संसाधन** | **(3)** | **Knowledge peak load /उच्चतम भार की जानकारी** |
| **(D)** | **Time management / समय व्यवस्थापन** | **(4)** | **Decision making / निर्णय लेना** |

**Code/कूटः**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**Ans. (a) :**

| **सूची -I** | | **सूची -II** |
|---|---|---|
| (A) संसाधन | - | सीमित |
| (B) प्रबंधन की जड | - | निर्णय लेना |
| (C) मानवीय संसाधन | - | समय |
| (D) समय व्यवस्थापन | - | उच्चतम भार की कमी |

**66. Match and choose the correct answer-**
**सुमेलित कीजिये एवं सही उत्तर चुनिये-**

| List/सूची- I | | List/सूची- II | |
|---|---|---|---|
| **(A)** | **Simple yarn/ साधारण धागे** | **(1)** | **Two or more coloured twisted threads / दो व दो से अधिक रंगीन धागों को गूंथना** |
| **(B)** | **Braided yarn /ब्रेडेड धागे** | **(2)** | **Coil type, curl type / कोइल टाइप, कर्ल टाइप** |